दैनिक **क्यूं न लिखूं सच**

प्रातः कालीन | भारत सरकार से रजिस्टर्ड | हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूं न लिखूं सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

KNLS Live
सम्पर्क करे:-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दाम में

वर्ष :- 03 अंक :- 226 मुरादाबाद, 06 December 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## संक्षिप्त समाचार



### बैठक में ममता के न आने पर भड़के अधीर रंजन, बोले- उन्होंने कभी हमें वोट देने की अपील नहीं की

ममता बनर्जी के बैठक में शामिल होने से इनकार करने पर कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी भड़क गए। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनका (ममता) घमंड चुनाव से पहले भी ऐसा ही था।पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इंडिया गठबंधन पार्टियों की एक बैठक की घोषणा की थी। आज इंडिया गठबंधन पार्टियों के सांसदों के साथ मल्लिकार्जुन खरगे ने बैठक बुलाई। वहीं बुधवार को इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेताओं के साथ कांग्रेस बैठक करेगी। छह दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने नाराजगी जताई थी। उन्होंने बताया कि उन्हें इस बैठक को लेकर किसी प्रकार की कोई जानकारी नहीं दी गई थी। बंगाल की सीएम ने इस बैठक पर बात करते हुए कहा था, %मुझे नहीं पता। मुझे इस बैठक के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई, इसलिए मैंने उत्तर बंगाल में अपना कार्यक्रम जारी रखा। अगर हमें इस बैठक की जानकारी होती तो हम यह कार्यक्रम नहीं रखते। हम उस बैठक में जरूर शामिल होते, लेकिन हमें इस बैठक की कोई जानकारी नहीं दी गई।%

ममता पर भड़के अधीर रंजन

ममता बनर्जी के बैठक में शामिल होने से इनकार करने पर कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी भड़क गए। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा, %उसका घमंड चुनाव से पहले भी ऐसा ही था। पांच राज्यों में चुनाव थे, लेकिन उसने भाजपा को हराने के लिए लोगों से विपक्षी पार्टियों को वोट देने की अपील तक नहीं की।% बैठक को लेकर ममता बनर्जी के बयान पर शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने सफाई पेश की। उन्होंने कहा, %इंडिया गठबंधन में सभी साथ है। हम यहां किसानो से लेकर महिलाओं की सुरक्षा जैसे अन्य कई मुद्दों से लड़ने के लिए हैं। हम इस मुद्दों को देखेंगे और ठीक करने की कोशिश करेंगे।

## सीएम योगी ने दिए नियुक्ति पत्र, बोले- स्वास्थ्य सबसे बड़ी संपदा, कॅरिअर के साथ दुआएं भी लें

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य कर्मियों को नियुक्ति पत्र का वितरण किया और 2017 के बाद प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए विकास पर चर्चा की।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मिशन रोजगार के तहत करीब ढाई हजार लोगों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। सभी मानव सेवा में लगे। कैरियर के साथ लोगों का आशीर्वाद और दुआ भी लें। वह मेडिकल कालेजों और आयुष के चिकित्सक शिक्षकों वी स्टाफ नर्स के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।




मुख्यमंत्री ने कहा कि 2142 स्टाफ नर्स को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। सभी अपने दायित्व को समझें और जीवन में कितना भी धन संपदा हो लेकिन स्वास्थ्य ठीक नहीं है तो कुछ नहीं है। स्वस्थ शरीर से ही धर्म साधना हो सकती है। आज एलोपैथ और आयुष विधा में एक साथ नियुक्ति पत्र मिल रहा है। यह ईश्वरी कृपा है। मुख्यमंत्री योगी ने काह कि पहले दूसरे राज्यों में जाने पर प्रदेश का नाम छुपाना पड़ता था लेकिन अब स्थिति बदली है। प्रदेश में 2017 तक मात्र 17 मेडिकल कॉलेज थे लेकिन अब हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज होगा। प्रदेश में नर्सिंग और पैरामेडिकल कालेज भी खोले जा रहे हैं। शिक्षा की गुणवत्ता भी बढ़ रही है। मिशन निरामय के तहत गुणवत्ता में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। स्वस्थ सेवा में करीब 10 हजार करोड़ लोगों को आयुष्मान का लाभ मिल रहा है। इन्हें पांच लाख तक उपचार की सुविधा मिल रही है। 75 जिलों में डायलिसिस की सुविधा है। एंबुलेंस सेवा के रिस्पॉन्स टाइम को न्यूनतम किया गया है। गोरखपुर और रायबरेली में एम्स शुरू हो गए हैं। यह डबल इंजन की सरकार का कमाल है। उन्होंने कहा कि अब आयुष विभाग के पास आयुष विश्वविद्यालय है। इसे बढ़ा रहे हैं। आयुष में अपार संभावनाएं हैं। कालेजों और वेलनेस सेंटर को संवारा जा रहा है।

## राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष पर चार बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग; अस्पताल में मौत

जयपुर से राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष पर बदमाशों द्वारा ताबड़तोड़ फायरिंग करने का मामला सामने आया है। इस हमले में दो लोग घायल हुए थे, जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। लेकिन इलाज के दौरान सुखदेव सिंह की मौत हो गई। जानें पूरा मामला... राजस्थान के जयपुर में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को जयपुर में गोली मार दी गई है। सुखदेव सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। लेकिन इलाज के दौरान ही उन्होंने दम तोड़ दिया। वहीं, फायरिंग और हत्या की इस घटना के बाद अब शहर भर के पुलिस अधिकारी आरोपियों की तलाश में जुट गए हैं। गोलीबारी की जगह पर सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों के जरिए आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है। बताया जा रहा है कि अभी कुछ देर पहले जयपुर के



श्याम नगर इलाके में गोगामेड़ी के घर के नजदीक ही उन पर हमला हुआ है। फायरिंग की इस घटना की जानकारी जैसे ही सोशल मीडिया पर पहुंची तो वैसे ही उनके समर्थक और समाज से जुड़े लोग अस्पताल पहुंचने लगे। लेकिन उनको अस्पताल में जाने नहीं दिया गया। वहां पर भी पुलिस का बंदोबस्त किया गया है। इस घटना के बाद अब शहर में माहौल खराब नहीं हो इसके लिए भी पुलिस अफसरों ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इस घटना के बाद पूरे शहर में हंगामा मचा हुआ है।सोशल मीडिया के जरिए खबर तेजी से वायरल हो रही है। गोगामेड़ी सबसे पहले आनंदपाल एनकाउंटर केस के बाद चर्चा में आए थे। उस समय आनंदपाल के शव को लेकर काफी दिनों तक प्रदर्शन किया गया था। उसके बाद गोगामेड़ी का नाम काफी ज्यादा चर्चा में आया था। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी उस समय चर्चा में आ गए थे जब फिल्म पद्मावती के शूटिंग के दौरान प्रसिद्ध निर्देशक संजय लीला भंसाली को सुखदेव सिंह गोगामेड़ी ने उन्हीं के सेट पर जाकर थप्पड़ मार दिया था। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी ने पद्मावती फिल्म के खिलाफ निरंतर मोर्चा खोलकर पूरे देश में इसका विरोध किया, जिसका नतीजा यह निकला की फिल्म निर्माता को फिल्म का नाम बदलकर पद्मावत करना पड़ा और उसमें से कई दृश्यों को भी हटाना पड़ा। इसके बाद सुखदेव सिंह गोगामेड़ी राजपूत समाज में युवाओं के बीच काफी प्रसिद्ध चेहरा बन गए। सुखदेव सिंह ने 2018 चुनाव में भादरा से भारतीय जनता पार्टी से टिकट भी मांगा था जो सुखदेव सिंह को नहीं मिला था। सुखदेव सिंह की पिछले कई वर्षों से लॉरेंस बिश्नोई गैंग के साथ आपसी झड़प की खबरें आ रही थी।

## मुख्यमंत्री पद पर शिवराज सिंह चौहान का बड़ा बयान, बोले- मैं न दावेदार था और न आज हूं

मध्यप्रदेश विधानसभा में भाजपा की प्रचंड जीत के बाद मुख्यमंत्री कौन बनेगा, इस पर भोपाल से दिल्ली तक हलचल तेज हो गई है। मेल-मुलाकात का दौर भी शुरू हो गया है। इस बीच मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मैं न तो कभी दावेदार था और न ही आज हूं। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने बम्पर जीत हासिल की है। इसके बाद मुख्यमंत्री कौन बनेगा, इस सवाल पर चर्चाओं का बाजार गरमा गया है। शिवराज सिंह चौहान, कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, नरेंद्र सिंह तोमर से लेकर ज्योतिरादित्य सिंधिया के नाम भी चर्चा में आ गए हैं। इस पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि मैं न कभी मुख्यमंत्री पद का दावेदार था और न ही आज हूं। एक वीडियो संदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि ¶मैं एक कार्यकर्ता हूं। पार्टी ने जब जो काम दिया, उसे पूरी प्रामाणिकता, ईमानदारी से पूरा काम किया है। पूरा सामर्थ्य उसमें झोंका है। मैं न तो पहले कभी मुख्यमंत्री पद का दावेदार था और न ही आज हूं। कार्यकर्ता के नाते सदैव भारतीय जनता पार्टी मुझे जो भी काम देगी, उस काम को समर्पित भाव से अपनी संपूर्ण शक्ति, क्षमता और प्रामाणिकता और ईमानदारी से सदैव करता रहूंगा। मोदी जी हमारे नेता हैं। उनके साथ काम करने में हमने सदैव गर्व और आनंद का अनुभव किया है।¶ मोदी जी के नेतृत्व में भारत दुनिया का नेतृत्व करेगा उन्होंने कहा कि ¶मैं अत्यंत सौभाग्यशाली हूं कि मैं भाजपा




का कार्यकर्ता हूं। भाजपा राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का मिशन है। एक कार्यकर्ता के नाते उस मिशन को पूरा करने में हम दिन-रात लगे हैं। मैं खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं कि नरेंद्र मोदी जी हमारे नेता हैं। उनके साथ काम करने का मौका मिला है। नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एक वैभवशाली, गौरवशाली, संपन्न, समृद्ध और शक्तिशाली भारत का निर्माण हो रहा है। ऐसे भारत के निर्माण के हम उपकरण मात्र हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि मोदी जी के नेतृत्व में हमारे सामने भारत दुनिया का नेतृत्व करेगा और शाश्वत शांति के पथ का दिग्दर्शन पूरी दुनिया को कराएगा। इस मिशन में एक कार्यकर्ता के तौर पर मैंने स्वयं को हमेशा समर्पित किया है।

### लाड़ली बहनों, भांजे-भांजियों का माना आभार

शिवराज ने कहा कि मैं मध्य प्रदेश की जनता का आभारी हूं। विधानसभा चुनावों में उनका भरपूर आशीर्वाद और प्यार हमें मिला है। अभूतपूर्व जनसमर्थन मिला है। भाइयों और लाड़ली बहनों ने और भांजे-भांजियों ने जो प्यार और समर्थन दिया है, वह अभूतपूर्व है। मैं उनका आभारी हूं। एक परिवार के सदस्य के नाते हम उनके लिए काम करते रहेंगे।

### दावेदार दिल्ली में कर रहे हैं मेल-मुलाकात

भाजपा ने तीन केंद्रीय मंत्रियों समेत सात सांसदों और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को भी चुनाव लड़ाया है। मंडला में केंद्रीय मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते को हार का सामना करना पड़ा है। इसी तरह सतना में सांसद गणेश सिंह हारे हैं। केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और प्रहलाद पटेल के साथ-साथ विजयवर्गीय को भी मुख्यमंत्री की दौड़ में गिना जा रहा है। प्रहलाद पटेल ने सोमवार को गृहमंत्री अमित शाह और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। इसके अलावा विजयवर्गीय भी दिल्ली में हैं। इन नेताओं के समर्थक अपने नेता को मुख्यमंत्री बनते देखना चाहते हैं। प्रदेश में सबसे अधिक अंतर से जीत दर्ज करने वाले इंदौर-2 के विधायक रमेश मेंदोला ने भी कहा कि जनता विजयवर्गीय को मुख्यमंत्री बनते देखना चाहती है। वहीं, मंगलवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने भी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की।

## तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर राकेश टिकैत बोले- देश में ज्योतिष ही बेईमान हो उसका यहीं हाल होगा

भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने सहारनपुर में मंडलायुक्त से मिलकर किसानों की समस्याएं उठाईं। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने भाजपा की जीत पर कहा कि जिस देश में ज्योतिषी बेईमान हो जाएगा, वहां यही हाल होगा। भारतीय किसान यूनियन यानी भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत किसानों की समस्याओं को लेकर मंडलायुक्त से मिले। इस दौरान उन्होंने विभिन्न समस्याओं को लेकर मंडलायुक्त से मिले। उन्होंने किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की। वहीं



पत्रकारों से बातचीत करते हुए राकेश टिकैत ने तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की जीत पर भी टिप्पणी की।मंगलवार को राकेश टिकैत सहारनपुर पहुंचे।

किसानों की भूमि अधिग्रहण, बिजली और गन्ना बकाया भुगतान को लेकर मंडलायुक्त से मुलाकात की। इसके बाद पत्रकारों से वार्ता करते हुए कि कहा कि बिजली को लेकर सरकार का गणित किसानों की समझ में नहीं आया है। उन्होंने तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर कहा की जिस देश में ज्योतिष बेईमान हो जाएगा उसका यहीं हाल होगा। जो चुनाव लड़े वहीं मैदान छोड़कर चले गए

तो क्या कर सकते हैं। पहले ही प्रधानमंत्री ने कह दिया था। किसान तो आंदोलन करता है। हर महीने किसानों की समस्याओं को लेकर मंडलायुक्त से मिला जाएगा।

## वोटिंग पैटर्न को लेकर दिग्विजय ने उठाए सवाल, कहा- जिस मशीन में चिप हो, वो हो सकती है हैक

विधानसभा चुनाव परिणाम सामने आने के बाद ईवीएम एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ईवीएम को अपने निशाने पर लिया है। उन्होंने चुनाव आयोग और सुप्रीम कोर्ट से भी गुहार लगाई है। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने एक बार फिर ईवीएम को लेकर सवाल खड़े किए हैं। विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली हार के बाद उन्होंने ये सवाल उठाए हैं। उन्होंने 199 विधान सभा सीटों पर पोस्टल बैलेट में मिले कांग्रेस को वोट और ईवीएम में मिले कांग्रेस के वोटों का आकलन करने की बात कही है। सिंह का कहना है वोटिंग पेटर्न में इतना बदलाव कैसे हो सकता है। जिन सीटों पर पोस्टल बैलेट में कांग्रेस जीत रही है वहां ईवीएम में हार रही है। पूर्व मुख्यमंत्री ने सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक पर पोस्ट कर ईवीएम का ये राग छेड़ा है। उन्होंने कई देशों में ईवीएम पर रोक होने का भी हवाला दिया है। दिग्विजय सिंह पोस्ट - पोस्टल बैलेट के ज़रिए कांग्रेस को वोट देने वाले और हम पर भरोसा जताने वाले सभी मतदाताओं का धन्यवाद! तस्वीरों के आँकड़ों में एक प्रमाण है जो यह बताता है कि पोस्टल बैलेट के ज़रिए हमें यानी कांग्रेस को 199 सीटों पर बढ़त है। जबकि इनमें से अधिकांश सीटों पर ईवीएम काउंटिंग में हमें मतदाताओं का पूर्ण विश्वास



न मिल सका। यह भी कहा जा सकता है कि जब तंत्र जीतता है तो जनता (यानी लोक) हार जाती है। हमें गर्व है कि हमारे ज़मीनी कार्यकर्ताओं ने जी जान से कांग्रेस के लिए काम किया और लोकतंत्र के प्रति अपने विश्वास को पुख़्ता किया। अब कुल 230 सीटों के आँकड़े आपके पास हैं। पोस्टल बैलेट के ज़रिए कांग्रेस और बीजेपी को पड़े वोटों की संख्या विश्लेषण के लिए प्रस्तुत है, सोचने की बात यह है कि जब जनता वही है तो वोटिंग पैटर्न इतना कैसे बदल गया?किया जा सकता है हैक- सिंह का कहना है कि चिप वाली किसी भी मशीन को हैक किया जा सकता है। मैंने 2003 से ही ईवीएम द्वारा मतदान का विरोध किया है। क्या हम अपने भारतीय लोकतंत्र को पेशेवर हैकरों द्वारा नियंत्रित करने की अनुमति दे सकते हैं! यह मौलिक प्रश्न है, जिसका समाधान सभी राजनीतिक दलों को करना होगा। माननीय चुनाव आयोग और माननीय सर्वोच्च न्यायालय क्या आप कृपया हमारे भारतीय लोकतंत्र की रक्षा करेंगे? डॉक्टर गोविंद सिंह बोले ईवीएम हैक करके बदले गए परिणाम - इधर, लहार विधानसभा से हार का मुंह देखने वाले पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह ने भी ईवीएम पर सवाल खड़े किये हैं। उनका आरोप है कि ईवीएम में गड़बड़ी की गई है। उन्होंने कहा कि जनता रो रही है। बीजेपी खुशियां मना रही है। श्ङ्कहैक करके परिणाम बदले गए हैं। बीजेपी का काउंटर- ईवीएम पर उठाए गए सवालों पर बीजेपी प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा ने पलटवार करते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह जी यह भी बता दीजिये कि जयवर्धन सिंह चुनाव ईवीएम की गड़बड़ी से जीते है क्या। इतना ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस तेलंगाना का चुनाव ईवीएम की गड़बड़ी से जीती है क्या।

# संपादकीय Editorial

## Implications of the mandate

The mandate for the state assembly elections remained mainly in the name of BJP. The party has secured mandate in two big and prominent states of North India – Madhya Pradesh and Rajasthan. In Madhya Pradesh, BJP has got an 'overwhelming majority' by winning more than 160 seats, whereas in Rajasthan, the clear majority of more than 110 seats is no less. This can be considered as a wave of power in favor of BJP, as these mandates are unexpected and unexpected. This mandate was also in the name of Prime Minister Modi, 'Kamal' and the party cadre, because in both the states BJP had not presented the 'Chief Minister's face'. The collective organization had unitedly contested the elections. The tradition of power in Rajasthan could not be changed and the 'guarantees' of Congress were also rejected by the people. Especially the public did not trust the 'Chiranjeevi' health scheme worth Rs 50 lakh, because the state budget itself is very low. So how was it possible to guarantee free treatment to 8 crore people of Rajasthan? In comparison, the people of all the states trusted the 'Prime Minister's Guarantee'. However, all these guarantees fall in the category of 'freebies'. A group of intellectual experts also consider 'free raves' as appropriate. His argument is that the basic responsibility of the government is to run 'welfare schemes' and the first expectation of the poor man is from the government. In Rajasthan, issues like 'communal bloodshed' and 'sar tan se juda...' gave impetus to polarization in favor of BJP and votes were cast against appeasement. As a result, BJP won a landslide victory in areas like Mewar, Marwar, Jaipur etc. The mandate of Chhattisgarh was the most shocking. Former Chief Minister of the state, Dr. Raman Singh has admitted that even BJP was not aware of such a widespread 'undercurrent'. However, there is a change of power in Chhattisgarh and formation of BJP government is almost certain. Till the time of writing this, Chief Minister Baghel and most of his ministers were losing the elections. BJP is getting more than 50 seats, while the majority figure is 46. Compared to the 2018 mandate, Congress's mandate has reduced to more than half. This is a very serious defeat. No exit poll or analysis could sense this mood of the public. Chhattisgarh has the highest number of tribals in the country and their population is 21 percent in Madhya Pradesh. BJP has won unilaterally in both the states. The mandates of Madhya Pradesh and Rajasthan are also important because they have 29 and 25 Lok Sabha seats respectively. It is clear from the mandate that the wave of 2024 general elections is flowing in favor of BJP. BJP has been ruling in Madhya Pradesh for the last 18 years. Despite that, two-thirds majority has been achieved. Chief Minister Shivraj Singh Chouhan was ahead by more than 60,000 votes. Two conclusions from the mandate are quite clear. Firstly, there was no anti-incumbency wave. Secondly, the public is confident about the schemes of the BJP government and their implementation. In Rajasthan, Madhya Pradesh and Chhattisgarh, about 50 percent women voted for BJP. More or less, by giving such a mandate, Chief Minister Shivraj Singh Chouhan's 1.31 crore 'beloved sisters' have made it clear in which direction the support base is now working. The 'beneficiary group' that the Prime Minister has created through various schemes is also voting completely in favor of the BJP. However, the only political achievement for Congress has been that its government is being formed in Telangana. There Chandrashekhar Rao and his party 'BRS' will bid farewell after 10 years in power. The mandate was also in the name of the Muslims there, about 83 percent of whose voters voted for the Congress.

# Janhvi Kapoor felt the smell of mother Sridevi in the new house, shifted with father Boney Kapoor and younger sister.

Jhanvi Kapoor says that the new house has given us a new beginning. Mother may have never lived in this house but her energy is everywhere in this house because we know that she wanted this house for us. In the coming days, Jhanvi will be seen in Deora and Hindi film Mr. and Mrs. Mahi. Jhanvi has shifted to her new house with her father Boney Kapoor and younger sister Khushi Kapoor.



'Dhadak' film actress Jhanvi Devra will be seen in the film Mr. and Mrs. Mahi. Film actress Jhanvi Kapoor feels the absence of her mother and actress Sridevi every moment. Recently Jhanvi has shifted to her new house with her father Boney Kapoor and younger sister Khushi Kapoor. This is the house in which Sridevi did not live. However, Jhanvi says that she feels her mother's energy in the new house also. She says that for me, home always meant the place where the fragrance of Mogra flowers always comes, because mother used to plant a lot of Mogra around the house. Rahman's (singer AR Rahman) songs kept playing. There was laughter and joking throughout the day. Papa used to sing songs and dance in the evening. He used to try to please his mother and mother used to tell him not to do all this. Many memories revolve around their romance. After mother's departure, we have never sat together as a family, because her absence feels like emptiness to us. The house gave us a new beginning - This house has given us a new beginning. Mother may have never lived in this house, but her energy is everywhere in this house, because we know that she wanted this house for us. In the coming days, Jhanvi will be seen in Deora and Hindi film Mr. and Mrs. Mahi.

# If you want beautiful hair, then definitely apply this hair mask made from egg.

Egg Hair Mask: Eggs not only provide internal nutrition to our body but they are also very beneficial for our skin and hair. You can easily make egg hair mask at home. By using these you can get rid of hair fall and dandruff. Let us know how to make egg hair mask at home. Protein-rich eggs are very healthy for hair. You can make hair mask at home using eggs. Eggs are very beneficial for hair. With its use, hair remains healthy and shiny. In such a situation, you can make some hair masks with eggs. By using it you can get rid of hair fall, dandruff etc.



If your hair is oily then apply egg white on the scalp and yellow part on the hair i.e. egg yolk. But if your hair is normal, then both parts of the egg can be applied. So let us know the ways to make these hair masks. Egg and Amla – Beat two eggs well, add one tablespoon of Amla powder to it and apply it thoroughly on your hair from root to top. With this, your hair will grow faster and it will remain strong from the roots and remain natural black and dense for a long time. Egg and Honey- Add two spoons of honey in two eggs, beat them well and apply it on your hair and scalp. Egg will strengthen the hair with its protein and honey will moisturize the hair well. Due to which your hair will become very soft and smooth. Egg, Vitamin E and coconut oil – Mixing egg, Vitamin E and coconut oil well and applying it proves to be very beneficial for hair. These frizzies work to bring life to lifeless hair. It also eliminates the problem of split ends. Egg and Olive Oil- Applying olive oil mixed with egg provides complete nutrition to the hair due to which the hair becomes strong from the roots and also becomes long and thick. Egg and aloe vera gel- Mixing aloe vera gel well with egg and applying it helps in hair growth. This provides complete nutrition to the hair. Egg hair mask also provides relief from the problem of dandruff.

# Ram Gopal Varma reviewed Animal, called this scene of Ranbir Kapoor a 'cinematic gem'

Animal Movie: Filmmaker Ram Gopal Varma has given his review regarding Ranbir Kapoor, Bobby Deol and Rashmika Mandanna starrer film Animal. He has told that there are some scenes in the film which have no meaning but they leave a deep impact on the mind of the audience. Not only this, Ram Gopal has also told his favorite scene. Ram Gopal Varma reviewed Animal. Ram Gopal called this scene his favorite. Ram Gopal said this on the intimate scenes. 'Animal' directed by Sandeep Reddy Vanga is making waves at the box office these days.




Ranbir Kapoor, Bobby Deol, Anil Kapoor and Rashmika Mandanna starrer film 'Animal' received applause from critics and audiences. The seats in the theaters are full and tickets are being sold in full swing at the ticket windows. Celebs have also praised the film. Now filmmaker Ram Gopal Varma has given his review about the movie. What did Ram Gopal Varma say on Animal? Ram Gopal Varma has given a review of 'Animal', released on December 1, 2023, and has revealed his favorite scene. Ram Gopal, reviewing Animal, said, "Long after the box office performance of Animal is over, there will be massive fights over its content and Ranbir's character and I truly believe that the way Sandeep Honesty has stripped away the clothes of moral hypocrisy, it can bring about cultural change." This scene from Animal is Ram Gopal Varma's favorite - Ram Gopal Varma called the machine gun scene his favorite and described this moment as a cinematic gem. The filmmaker further wrote, "There are some random comic scenes like bra strap spanking, talking about getting physical with doctors, etc., to name a few, which have no context but really help in embedding the character of the hero in the audience's mind. "To act subconsciously like a hammer." 'Animal' is making huge money at the box office. The film has earned Rs 236 crore worldwide. Only in India this figure has crossed 100 crores. The film has made a business of Rs 131 crore at the domestic box office.

# If you want to enjoy taste and health together, then make sesame dishes a part of your snacks.

Sesame seeds may look simple but these small seeds are a storehouse of health properties. Eating these can benefit both heart and stomach. You can prepare sweet dishes like these and eat them. It is very easy to make sesame laddus and chikkis, which you can prepare quickly. Know this special recipe of sesame seeds. Sesame seeds are very beneficial for health. Eating this improves heart health. You can prepare sesame laddus and chikkis and eat them. It is very important to take care of the heart in winters. Due to narrowing of the heart arteries, the risk of heart attack increases. Sesame seeds can help you in keeping your heart healthy. Sesame seeds help in maintaining blood pressure, which does not put too much pressure on the heart. Apart from this, it also helps in preventing diabetes. Sesame is also very beneficial for hair and skin. Therefore, including sesame seeds in your diet in winter can be beneficial. Let us know in what ways sesame can be included in the diet. Sesame Mawa Laddu- Sesame and Mawa Laddu is a unique mixture of taste and health. It is very easy to make it. To make this, roast sesame seeds in a pan and keep it aside. After this, when it cools down, put it in a blender and grind it to make a powder. After this, heat the mawa in a pan, add sesame powder, powdered sugar, cardamom powder and dry fruits and mix well. After cooking for some time, give it a round shape and make laddus. If you want, you can store it in a container for 1-2 weeks. Sesame laddus - Sesame laddus are also very tasty to eat. Mostly, these are made during the time of Makar Sankranti, but you can eat them anytime if you want. To make these, roast sesame seeds in a pan. On the other hand, add jaggery and water in a pan, melt it and make syrup. Add roasted sesame seeds to this syrup and mix well. Make laddus quickly before the syrup cools down. You can also store these for a few days. Sesame-Peanut Chikki- Both sesame and peanuts are considered one of the best food items to eat in winter. Eating their chikki can be very beneficial for you. To make this, roast sesame seeds in a pan and make a thick powder. On the other side, roast the peanuts and remove their peel. After this, cook sesame powder, peanuts and jaggery with water on high flame for 3-5 minutes. After this, spread it on a plate and after it cools down slightly, cut it into square shapes. After it cools completely, you can store it.



# जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता



मुरादाबाद- नगर आयुक्त के पीलीकोठी स्थित शिविर कार्यालय में जन सुनवाई के दौरान समस्या की जानकारी लेते कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार संभव जन सुनवाई पोर्टल पर आई शिकायतों के निस्तारण के क्रम में मंगलवार को कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार ने शिकायतें सुनीं। उनके सामने दस शिकायतकर्ता आए। इसमें अधिकतर सफाई और आउटसोर्सिंग से नियुक्ति संबंधित रहीं। महानगर के कई मोहल्ले में सफाई व्यवस्था की कमी की शिकायत नागरिकों ने जन सुनवाई दिवस पर भी की। दिवस अधिकारी कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार ने जिस वार्ड में गंदगी की शिकायत मिली वहां के सफाई निरीक्षक और सुपरवाइजर को तत्काल सफाई कराने का निर्देश दिया। आउटसोर्सिंग से नियुक्ति के लिए आने वालों को नियमानुसार कदम उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि दस शिकायतें जन सुनवाई में आईं थीं। सफाई की शिकायत को दूर कराने का निर्देश संबंधित सफाई निरीक्षक को दिया है। कहा कि जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता है। इस दौरान सहायक अभियंता रईस अहमद भी मौजूद रहे।

# केंद्र सरकार की नीतियां जनकल्याणकारी




क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली- समाज की अंतिम पायदान की व्यक्ति की आशाओं को पूर्ण कर रही केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का कार्यक्रम रानी लक्ष्मीबाई इंटर कॉलेज गांधीपुरम में संपन्न हुआ। इसमें केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के कैंप कॉलेज के प्रांगण में लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रदेश सरकार के वन मंत्री डॉ अरुण कुमार जी ने कहा कि 2014 और 2017 में आई भाजपा सरकार ने देश व प्रदेश की जनता के मन में आशाओं की पूर्णता के विश्वास का संचार किया है। कार्यक्रम के संचालनकर्ता व भाजपा नेता सौरभ जैन ने कहा कि भाजपा को तीन राज्यों में मिली विजय श्री ने इस बात की मोहर लगा दी है कि भाजपा सरकार विकसित भारत के अपने संकल्प की ओर सही दिशा में कृत संकल्पित है। इसके बाद वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल एड. एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह ने सभी उपस्थित जनों को विकसित भारत के संकल्प की मजबूती के लिए शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र व चाबी भी सौंप गई।कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह, महामंत्री मोहन भट्ट, विष्णु अग्रवाल, पार्षद रामपाल गंगवार, सीमा तिवारी, मनदीप सिन्हा , राजेंद्र जौहरी, बृजेश प्रताप सिंह सहित गणमान्य नागरिक व लाभार्थी जन आदि मौजूद रहे।संचालन भाजपा नेता सौरभ जैन ने किया।

# समय सीमा की बैठक में मूलभूत आवश्यकताओं व जिले के विकास को लेकर हुई चर्चा



क्यूँ न लिखूँ सच

रामचंद्र जायसवाल

सूरजपुर- जिला संयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में सर्व विभाग प्रमुख की उपस्थिति में समय सीमा की बैठक आयोजित हुई। जिसमें कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने सभी उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुये अपने-अपने विभाग से संबंधित ऐसा प्रस्ताव तैयार करने के लिए कहा जिससे आम जनता तक शासकीय योजनाओं का लाभ बेहतर तरीके से पहुंच सके, यह सुनिश्चित हो।

साथ ही प्रत्येक विभाग में कुछ इस तरह के बड़े प्रस्ताव तैयार करने के लिये कहा गया जिससे लोगों की सुविधाओं में और बढ़ोत्तरी हो सके। प्रपोजल में मूलभूत आवश्यकताओं और जिले के विकास को मुख्य रूप से केंद्रित पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा जिले की समृद्धि के लिए प्रशासन का प्रत्येक अमला सजग और सतर्क होना चाहिए। प्रत्येक योजना में शत प्रतिशत परिणाम मिले इसके लिए सुव्यवस्थित व योजनाबद्ध तरीके से प्रत्येक विभाग कार्य करेंगें। उन्होंने उपस्थित जनों को स्पष्ट किया कि प्रत्येक कार्य पुख्ता हो इस बात की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी। कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ ही जिले में पर्यटन को लेकर संभावनाएं हैं। सामाजिक सुरक्षा की दिशा में भी जिले में विभिन्न कार्य किए जाएंगे। इसलिए जिले के विकास का रोड मैप हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है,

जिसे हमें ईमानदारी व निष्ठा के साथ पूर्ण करना है। बैठक में डीएफओ श्री पंकज कमल, जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, अपर कलेक्टर श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, एडीएम श्री नरेन्द्र पैकरा, संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियंका वर्मा व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# सहायक अभियोजन अधिकारी ( विहार कैडर ) के पद पर हुआ चयन



क्यूँ न लिखूँ सच

निशाकांत शर्मा

एटा। एटा जनपद की तहसील अलीगंज क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम विल्सड़ ( अलीगंज ) निवासी रामवीर पांडेय एडवोकेट के युवा पुत्र दिव्यांश पांडेय ने जनपद में अपने गांव का नाम रोशन किया है। दिव्यांश पांडेय का चयन सहायक अभियोजन अधिकारी ( विहार कैडर )के पद पर हुआ है। जिससे गांव में ही नहीं अपितु क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। दिव्यांश पांडेय बचपन से ही लग्नशील एवं कुशाग्र बुद्धि के रहे। दिव्यांश ने इंटरमीडिएट की परीक्षा कानपुर से पास की। इलाहाबाद यूनिवर्सिटी कैंपस से बी एस सी( मैथ ) से परीक्षा उत्तीर्ण कर दिल्ली यूनिवर्सिटी कैंपस ला सेंटर से एल एल बी एवं एल एल एम की परीक्षा पूर्ण की। दिव्यांश पांडेय की कर्मठता एवं लग्नशील से उनका चयन सहायक अभियोजन अधिकारी ( विहार कैडर ) के पद पर हो गया। दिव्यांश पांडेय के चयन की खबर सुनकर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। संपूर्ण ग्राम वासियों एवं क्षेत्रवासियों तथा वकीलों ने उनके गांव विल्सड़( अलीगंज ) पहुंचकर उन्हें बधाई देकर उनका गर्म जोशी से स्वागत किया।




# 8 लाख से अधिक लोगों की हुई स्क्रीनिंग, 117 टीबी संक्रमित

मुरादाबाद- सक्रिय क्षय रोग खोजी अभियान की टीमें घर घर जा कर लक्षणों के आधार पर संदिग्ध टीबी रोगियों की पहचान कर जांच कर रही है। उनके बलगम और एक्सरे से टीबी की पुष्टि होने पर 48 घंटे में रोगी के घर पर उपचार प्रदान कर रही हैं। अभियान में अब तक 8,14,833 लोगों की स्क्रीनिंग हुई। जिसमें 117 टीबी संक्रमित मिले। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एन के कुरैचया ने बताया कि जिले में टीवी रोगी सक्रिय अभियान में लक्षणों के आधार पर 8,14,833 लोगों की स्क्रीनिंग की गई। जिसमें 7177 संदिग्ध पाए। इसमें से 5813 लोगों का बलगम का टेस्ट किया गया। जिसमें 117 टीबी के मरीजों की पुष्टि हुई। इसमें 79 का उपचार उनके घर पर ही शुरू कर दिया गया है। बाकि को आगामी 48 घंटे के भीतर उपचार किया जाएगा। डीपीसी डॉ. मुहम्मद जावेद ने बताया कि 335 टीम लगाई गई है। जनपद के विभिन्न गांवों में पहुंच टीक लोगों की स्क्रीनिंग कर रही है। बैनर पोस्टर और होडिंग लगा कर टीबी के लक्षण लोगों को बताए जा रहे हैं ताकि प्रारंभिक अवस्था में ही टीबी रोग की पहचान की जा सके। और टीबी से ग्रस्त रोगी अन्य स्वस्थ लोगों में टीबी का जीवाणु न फैल सके। जो टीबी ग्रस्त हैं उनको उपचार सुगमता से उपलब्ध कराया जाए और पोलियो की तरह टीबी को भी जड़ से समाप्त किया का सके।

# मिस्टर फ्रेशर बने प्रजव एवं सलमान ,मिस फ्रेशर बनी अलाना एवं सलोनी




क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।मंगलवार को खण्डेलवाल कॉलेज परिसर में फ्रेशर पार्टी जिसमें जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर छात्रों का परंपरागत तरीके से तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदन प्रबन्ध निदेशक डॉ. विनय खण्डेलवाल, महानिदेशक डॉ. अमरेश कुमार तथा बायोटेक्नोलॉजी विभाग के शिक्षकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लगभग 200 छात्रों ने हिस्सा लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति देकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। पार्टी का मुख्य आकर्षण फैशन शो रहा, जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न आकर्षक परिधानों में और कैट वाक कर तालियां बटोरी। जिसमें बी.एससी. प्रथम वर्ष के मि0 फ्रेशर प्रजव सिंह व बी.एससी. प्रथम वर्ष की मिस फ्रेशर अलाना शेख रहीं। एम.एससी. प्रथम वर्ष के मि0 फ्रेशर मो. सलमान व एम.एससी. प्रथम वर्ष की मिस फ्रेशर सलोनी शर्मा रहीं, जिन्हें ताज डॉ. विनय खण्डेलवाल डॉ. अमरेश कुमार ने पहनाया । निर्णायक मंडल में प्रवक्ता शुभ्रा त्रिवेदी , शाइना कोचर रहीं। कार्यक्रम में प्रबन्ध निदेशक डॉ. विनय खण्डेलवाल , महानिदेशक डॉ. अमरेश कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र -छात्राओं में स्वंय के प्रति आत्मविश्वास जाग्रत होता है।और वह छात्र जीवन के बाद एक सुंदर वातावरण की अहम कड़ी बनता है।

# नगरीय क्षेत्रों से निकलने वाले वेस्ट पानी से बनेगी बिजली

क्यूँ न लिखूँ सच

निशाकांत शर्मा

एटा। थर्मल पावर प्लांट में बिजली बनाने के लिए एटा और कासगंज के घरों से निकलने वाले वेस्ट पानी का उपयोग किया जाएगा। जल निगम ने पीएफआर बनाकर थर्मल पावर प्लांट के उच्चाधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत की है। इस पर दोनों ही संस्थाओं की सहमति बनने के साथ बजट स्वीकृत होते ही निर्माण कार्य शुरू होगा। जल निगम नगरीय असिस्टेंड इंजीनियर रवेंद्र कुमार ने बताया कि थर्मल पावर प्लांट में बिजली बनाने के लिए नहर के सिंचाई एवं पीने योग्य पानी का उपयोग न करते हुए नगरीय क्षेत्रों से निकलने वाले वेस्ट पानी का उपयोग किया जाए। यह केंद्र सरकार चाहती है कि जो पानी सिंचाई और पीने के लिए प्रयोग में लाया जा सकता है उस पानी को बिजली बनाने में प्रयोग न किया जाए। जवाहर तापीय विद्युत परियोजना के चीफ इंजीनियर को एटा एवं कासगंज के घरों से प्रतिदिन निकलने वाले वेस्ट पानी को ट्रीटमेंट प्लांट में सोधित कर बिजली बनाने में उपयोग करने के लिए प्रस्ताव दिया गया है। इन दोनों शहरों के वेस्ट पानी को पावर प्लांट तक पहुंचाने के लिए एक टरसरी ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण एवं कासगंज से एटा तक वेस्ट पानी लाने के लिए पाइप लाइन बिछाई जानी है। इसकी अनुमानित लागत 438 करोड़ के आसपास आने की उम्मीद है। 3.50 करोड़ लीटर वेस्ट पानी निकलता है एटा-कासगंज से जल निगम नगरीय असिस्टेंड इंजीनियर ने बताया कि एटा शहर की तीनों फेज की सीवर लाइन शुरू होने के बाद मानपुर स्थित शहर के 24 एमएलडी क्षमता वाले एचटीपी में प्रतिदिन दो करोड़ लीटर वेस्ट पानी आएगा। ट्रीट करके टरसरी ट्रीटमेंट प्लांट में भेजा जाएगा। वहीं कासगंज के घरों से प्रतिदिन निकलने वाला 1.5 करोड़ लीटर वेस्ट पानी वहां बने 15 एमएलडी क्षमता वाले एचटीपी से ट्रीट होकर पाइप लाइन के माध्यम से प्रतिदिन एटा आएगा। इसे टरसरी ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से थर्मल पावर प्लांट में भेज दिया जाएगा। इस प्रकार दोनों शहरों से प्राप्त 3.50 करोड़ लीटर वेस्ट पानी थर्मल पावर प्लांट में बिजली बनाने के मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने बताया टरसरी ट्रीटमेंट प्लांट बनाने के लिए दो हेक्टेयर भूमि की मांग की गई है। मंजूरी मिलने के बाद प्रोजेक्ट की डीपीआर बनाई जाएगी। थर्मल पावर प्लांट को प्रतिदिन चाहिए आठ करोड़ लीटर पानी- जवाहर तापीय विद्युत परियोजना के चीफ इंजीनियर अजय कुमार के अनुसार थर्मल पावर प्लांट में प्रतिदिन 1320 मेगावाट बिजली बनाने के लिए प्रतिदिन आठ करोड़ लीटर पानी का उपयोग होगा। इसके लिए बेवर ब्रांच नहर से पानी की आपूर्ति ली जाएगी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के आदेशानुसार नहर के ताजे पानी का उपयोग बिजली बनाने में कम से कम करने के आदेश है। उसके चलते एटा एवं कासगंज के घरों से निकलने वाले वेस्ट पानी का उपयोग करने के लिए टरसरी ट्रीटमेंट प्लांट ( टीटीपी ) बनाने एवं कासगंज का वेस्ट पानी एटा तक पाइप लाइन के माध्यम से लाने के लिए एक प्रोजेक्ट जल निगम ने बनाकर दिया है। इसे शासन को भेजा गया है। चूंकि यह प्रोजेक्ट काफी ज्यादा बजट का है। इसके लिए बजट मंजूर करने से पहले कई प्रकार के निर्णय शासन स्तर से ही लिए जा रहे हैं।

# सीए श्वेताभ तिवारी हत्याकांड मामले का मुकदमा एडीजे कोर्ट में ट्रांसफर

मुरादाबाद- चार्टर्ड अकाउंटेंट श्वेताभ तिवारी हत्याकांड मामले का वाद जिला जज न्यायालय से अपर जिला जज कोर्ट-14 में स्थानांतरित किया गया है। इसी के साथी न्यायाधीश ने मामले में अगली सुनवाई की तारीख 12 दिसंबर तक कर दी है। वाद स्थानांतरित होने के बाद से दोनों पक्षों में जल्द ही निर्णय होने की उम्मीद बढ़ गई है। अधिवक्ता अभिषेक कुमार शर्मा ने बताया कि वाद स्थानांतरण की कार्रवाई मंगलवार को ही हुई है और सुनवाई की अगली तारीख के संबंध में भी दोनों पक्षों को कोर्ट तरफ से जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि सीए हत्याकांड में ललित कौशिक, शूटर केशव सरन शर्मा व विकास शर्मा उर्फ गुग्गू आरोपित है। 15 फरवरी को गोली मारकर हत्या कर दी गई -सीए श्वेताभ तिवारी हत्याकांड से पहले व्यापारी कुशांक गुप्ता हत्याकांड में भी नाम आने पर पूर्व ब्लाक प्रमुख को 27 मार्च को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, तभी से वह जेल में है। वर्तमान में ललित बलरामपुर जिला कारागार में निरुद्ध है। करो भाई जी ललित कौशिक की साजिश के कारण ही 15 फरवरी 2023 को रामगंगा विहार साईं गार्डन कालोनी निवासी सीए श्वेताभ तिवारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाइक सवार दो युवकों ने दिल्ली रोड में बंसल कामप्लेक्स के बाहर सीए श्वेताभ को आठ गोली मारी थी। इस मामले में सीए की पत्नी शालिनी तिवारी ने अज्ञात हमलावरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। फिर विवेचना के दौरान पुलिस ने सीए श्वेताभ को गोली मारने के आरोपित केशव सरन शर्मा निवासी गिंदौडा थाना पाकबड़ा व विकास शर्मा उर्फ गुग्गू निवासी रेती स्ट्रीट चौमुखा पुल कोतवाली को गिरफ्तार किया था।

# आठ दिन बाद भी आरटीआई कालेज में चोरी का नहीं लगा सुराग

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली-श्री जीतराम स्मारक कालेज में संचालित आरटीआई कालेज की प्रयोगशाला से लगभग 12लाख रूपये के उपकरण गंगा स्नान की रात में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चोरी कर ली। प्रबन्धक सौरभ कुमार ने बताया कालेज में एक गार्ड भी तैनात था। लेकिन इतनी बड़ी चोरी हो गई उसे भनक तक नहीं लगी। पीड़ित ने थाना हाफिजगंज में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने एफआईआर में भी खेल कर दिया।तहरीर में कुछ लिखकर दिया।और मुकदमें में कम सामान दर्ज कर आठ दिन बाद भी खाली हाथ बैठी है।

# एटा रेल लाइन विस्तार सहित जन समस्याओं के समाधान हेतु दिनांक 11.12.2023 को किसान महापंचायत होगी



क्यूँ न लिखूँ सच

निशाकांत शर्मा

एटा। अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले एटा कचहरी स्थित धरना स्थल पर संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न हुई उक्त बैठक में तय किया गया कि लगभग एक दशक से अधिक समय से संगठन के प्रमुख पदाधिकारी / कार्यकर्ता धरना प्रदर्शन, घेराव, अनशन, पैदल यात्रा, ट्रेक जाम आदि कर रहे हैं लेकिन दुर्भाग्यवश समस्याओं का समाधान नहीं किया गया है अतिशीघ्र समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो सभी किसान, मजदूर, नौजवान, महिलाएं मिलकर निम्नलिखित सहित लम्बित जनसमस्याओं के निदान हेतु दिनांक 11.12.2023 को किसान महापंचायत होगी जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी उक्त बैठक के अंत में मा0 प्रधानमंत्री एवं मा0 रेल मंत्री भारत सरकार के नाम संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी प्रशासन एटा आलोक कुमार जी को सोपा उक्त ज्ञापन के माध्यम से भारत सरकार से निम्नलिखित मांगो को प्रमुख रूप से उठाया गया 01 =- एटा से दिल्ली को शटल रेल तत्काल चलाई जाए। 02 =- देश की सभी एक्सप्रेस गाड़ियों में कम से कम एक दर्जन सामान्य बोगियों को लगाया जाए ताकि गरीब आदमी भी सुकून से यात्रा कर सके। 03 =- एटा कासगंज रेल लाइन का तत्काल विस्तार किया जाए। 04 =- एटा से मालाबन रेल लाइन को मैनपुरी तक जोड़ा जाए। 05 =- एटा टूंडला रेल को टूंडला से सुबह 7=00 बजे एवं एटा से साढे चार बजे पूर्व की भांति चलाया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्र की जनता पर्याप्त लाभ ले सके और विभाग की भी आमदनी बढ़ सके। आगरा फास्ट पैसेंजर रेल के अवागढ़ वसुंधरा जैसे प्रमुख स्टेशनों पर स्टॉपेज बनाते हुए टिकट बिक्री काउंटर खोले जाएं।

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# नशेड़ी युवक ने हमला करके पत्नी को मार डाला पति गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श



फर्रुखाबाद कायमगंज नशेड़ी युवक ने बीती रात हमला करके पत्नी आरती को मार डाला आरती थाना कमालगंज के ग्राम नगला जोध निवासी धीरेंद्र उर्फ रिंकू ठाकुर की 32 वर्षीय पत्नी थी बताया गया कि रिंकू बीती रात नशे में घर पहुंचा उस समय आरती सो रही थी रिंकू ने सोते समय ही आरती के सिर पर लकड़ी की फंटी से जबर्दस्त प्रहार किये आरती के शोर मचाने पर पड़ोसी मौके पर पहुंचे सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर गंभीर घायल आरती को सीएससी कमालगंज भिजवाया डॉक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया सूचना मिलने पर खुदागंज चौकी इंचार्ज दीपक भाटी अपने मामले की जांच पड़ताल की पुलिस ने महिला के शव को देर रात पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम डूंगरपुर निवासी राजीव सिंह ने रिंकू के विरुद्ध बहन की हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है राजीव ने थाना पुलिस को तहरीर देखकर अवगत कराया कि मेरी बहन आरती का 12 वर्ष पूर्व रिंकू से विवाह हुआ था आरती के 10 वर्षीय पुत्र उत्कर्ष, 8 वर्षीय पुत्र उत्सव एवं 6 वर्षीय पुत्री प्रज्ञा है राजीव ने आरोप लगाया कि रिंकू ने लकड़ी की फंटी से पीट कर आरती को मार डाला है।पुलिस ने रिंकू को रजीपुर चौराहे से पकड़ लिया

# बाबा कॉलोनी एसजेडी हॉस्पिटल वाली गली की नापतोल हुई सड़क बनवाने के लिए नगर आयुक्त अगली कार्रवाई अति शीघ्र करें-राकेश

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर



अलीगढ़ भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा शक्ति केंद्र प्रभारी सिधौली ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने नगर निगम की टीम के साथ सिंघोली वार्ड नंबर 5 बाबा कॉलोनी एसजेडी हॉस्पिटल वाली गली दौरा किया गली की नाप तोल भी हुई आश्वासन मिला है प्रस्ताव होकर के आगे चल जाएगा नगर निगम के अधिकारी अमरीश वर्मा जी का करियर जनता के प्रति अच्छा रहा है उनकी तरफ से कभी कोई शिकायत का मौका नहीं दिया जाता इसी तरह का अधिकारी आगे बढ़ता है जो जनता की ईमानदारी से समस्या का समाधान करता है भाजपा किसान मोर्चा के कद्दावर नेता ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने साफ कहा है कि बाबा कॉलोनी एसजेड हॉस्पिटल वाली गली नगर आयुक्त अगली कार्रवाई शिकायत के आधार पर जांच के आधार पर अति शीघ्र पूरी की जाए उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी का सख्त आदेश है कोई भी गली कोई भी सड़क विकास कार्य से वंचित नहीं रहेगी वह आदेश इस सड़क पर लागू किया जाए जांच के दौरान क्षेत्र के प्रमुख नागरिक महिलाएं उपस्थित थी

# खुदादभारी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन

क्यूँ न लिखूँ सच
अमरीक सिंह




बहराइच- रिसिया/बहराइच। मंगलवार के दिन रिसिया ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत खुदादभारी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि बीजेपी के मंडल अध्यक्ष आलोक अग्रवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्राथमिक विद्यालय खुदादभारी मे विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आयोजन। आयोजित कार्यक्रम में एलसीडी के मध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजनाओं को चौराहों पर गांव-गांव,गली-गली में चलचित्र के माध्यम से दिखाया गया,कार्यक्रम मे सैकड़ो की संख्या में आए हुए लाभार्थियों को मुख्य अतिथि ने प्रधानमंत्री आवास प्रमाण पत्र,आयुष्मान कार्ड,सौचालय प्रमाण पत्र का किया वितरण,कार्यक्रम मे किसान सम्मान निधि,वृद्धा पेंशन,विधवा पेंशन,जल जीवन मिशन,खाद रसद, बिजली आदि विभाग द्वारा योजनाओं संबंधी सहित अन्य तमाम योजनाओं को गहनता से जानकारी दी,और उन योजनाओं को लाभ लेने के लिए लोगों को जागरूक किया। खंड विकास अधिकारी विनोद कुमार यादव ने बताते हुए कहा की ऐसे अयोजनो के मध्यम से भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे, देश की एकता को शुद्धण करेंगे। कार्यक्रम में आयुष अग्रवाल, ग्राम पंचायत अधिकारी जनार्दन विश्वकर्मा ,बेल चौधरी उर्फ बांकेलाल, इंद्रसेन, व अन्य के साथ-साथ विकासखंड रिसिया परिवार की तरफ से सहायक विकास अधिकारी गुलामुद्दीन जिलानी,( पत्रकार ) प्रीतम सिंह , बृजेश कुमार, सहित आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# सभासद बोले तानाशाह ईओ नहीं करवाता सफाई डीएम से शिकायत

क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श



फर्रुखाबाद -फर्रुखाबाद मे नगर पालिका की लापरवाही से गुस्साए सभासद अनिल कुमार तिवारी ने ईओ व अध्यक्ष के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली वार्ड नंबर 12 के सभासद अनिल तिवारी पीड़ित महिलाओं व सफाई कर्मचारियों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे उन्होंने डीएम को शिकायती पर देकर अवगत कराया की मछली अड्डा व एचपी गैस शोरूम वार्ड नंबर 12 तुलसी नगर व वार्ड नंबर 14 लक्ष्मण नगर के बीच का नाला सफाई न होने के कारण बरसों से चोक है बरसात में चंदा पानी घरों में घुसता है कूड़ा उठाने वाली मशीन व जेसीबी खराब होने के कारण नाले की सफाई नहीं हो पा रही है उन्होंने नया नाला बनवाई जाने की मांग की श्री तिवारी ने मीडिया को बताया कि काफी गहरा व चौड़े नाले के चोक होने के कारण करीब 200 परिवार परिवारों के लोग काफी परेशान हैं करीब दो माह पूर्व नाला साफ करने के लिए को प्रार्थना पत्र दिया था एक पखवाड़े के आश्वासन के बावजूद आज तक नाले की सफाई नहीं कराई गई वोट लेने के बाद मोहल्ले वालों की परेशानी पर कोई ध्यान नहीं देता गुस्साए तिवारी ने ईओ को तानाशाह बताते हुए आरोप लगाया कि ईओ व अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल की सांठ गांठ के कारण कोई सुनवाई नहीं हो रही है श्री तिवारी ने बताया की डीएम ने कहा है कि यदि कल तक कोई टीम न आए तो फोन कर जानकारी देना कार्रवाई करेंगे मालूम हो कि नगर के अनेकों मोहल्लों की ऐसी ही हालत है स्वच्छता अभियान कागजों में चलाया जा रहा है

# सिद्धार्थ तिवारी के जीत के खुशी में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में चढाया गया

क्यूँ न लिखूँ सच
आलोक मिश्रा



त्योंथर विधानसभा क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों में सिद्धार्थ तिवारी के चहेतों नें खूब की थी मन्नत और मन्नत पूरी होते ही सिद्धार्थ तिवारी के जीत के उपलक्ष्य में मंदिरों में यथा शक्ती लड्डू ,मिठाई चढाया जा रहा है वहीं ग्राम पंचायत सोहर्वा में प्रसिद्ध मुक्तिधाम हनुमान मंदिर में लड्डू चढाया जा रहा है जब से जीत की खबर सुने हैं कार्यकर्ताओ के चेहरे में दिखी एक अलग मुस्कान वहीं ग्राम पंचायत सोहरवा बूथ अध्यक्ष दिवाकर प्रसाद तिवारी,ज्योतिषाचार्य पंडित रजनीकान्त मिश्रा सुनील मिश्रा,प्रमोद मिश्रा,आनन्द कुमार पाठक ,समीर मिश्रा,दिलीप गौतम, भोलू दुवेदी ,धर्मेंद्र वर्मा, राघवेन्द्र वर्मा,गणेश वर्मा,संजय वर्मा,छोटू मिश्रा,गोलू दुवेदी,प्रकाश तिवारी, सुन्दरलाल दुवेदी,नत्थू वर्मा कमला प्रसाद मिश्रा,के द्वारा ग्राम पंचायत सोहर्वा में मनाया गया जश्न मनाया गया मुक्तिधाम हनुमान मंदिर सोहर्वा में

# समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सैनिक प्रकोष्ठ एवं पिछड़ा वर्ग के जिला संगठन की बैठक बुलाई गई

क्यूँ न लिखूँ सच
हारून बख्श




फर्रुखाबाद मे आज आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सैनिक प्रकोष्ठ एवं पिछड़ा वर्ग के जिला संगठन की बैठक बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव द्वारा की गई। इस बैठक की समीक्षा फर्रुखाबाद लोकसभा के प्रभारी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने की। विनीत कुशवाहा ने कहा की इस बैठक में समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ एवं पिछड़ा वर्ग के संगठन को बुलाया गया था जिसमें सैनिक प्रकोष्ठ के कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही । समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष छात्र सभा विनीत कुशवाहा ने कहा कि जो व्यक्ति अपने पद और पार्टी के साथ न्याय नहीं करेगा उसे शीघ्र ही पद मुक्त कर दिया जाएगा साथ ही कहा जिन जिला अध्यक्षों की कमेटी अभी तक नहीं बनी है उन्हें शीघ्र ही पूर्ण कर उसकी एक प्रतिलिपि उन्हें उपलब्ध कराए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक हैं और हमें एक साथ जुटकर पार्टी को मजबूत करना है तभी हम भाजपा जैसी धनाढ्य पार्टी से लड़ पाएंगे। उन्होंने कहा हमारा कार्यकर्ता ही हमारी असली ताकत है जिसे हमें हर संभव सहयोग करना है। इस मौके पर प्रकोष्ठों के प्रभारी जिला उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र यादव ने प्रदेश अध्यक्ष को आश्वासन दिया की शीघ्र ही वह सभी जिला अध्यक्षों से बात कर उनकी कमेटियां नेतृत्व को उपलब्ध करवाएंगे। इस मौके पर विधान सभा अध्यक्ष चंद्रेश राजपूत, जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ केके यादव, बेंचेलाल यादव, जिला अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग अरविंद कश्यप अपनी अपनी कमेटियों के सदस्यों के साथ उपलब्ध रहे। जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने बताया कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व संगठन एवं बूथ कमेटियों को लेकर बहुत गंभीर है और इसी क्रम में अन्य फ्रंटल संगठनों की भी बैठक अपनी पूरी कमेटी के साथ जल्द बुलाई जाएगी जिसकी समीक्षा स्वयं प्रदेश अध्यक्ष छात्र सभा विनीत कुशवाहा करेंगे।

# प्रदीप पटेल जीत की खुशी में हनुमना हनुमान मंदिर एवं हाटा में हाटेश्वनाथ के समक्ष टेका माथा और लिया आशीर्वाद

क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी



मऊगंज - मऊगंज विधानसभा क्षेत्र के कई ग्राम पंचायतों एवं नगर पंचायतों में प्रदीप पटेल के चहेतों नें जीत के लिए की थी मन्नत और मन्नत पूरी होते ही प्रदीप पटेल के साथ जगह जगह भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखें को मिला । जीत के उपलक्ष्य में कार्यकर्ताओं ने मंदिरों में यथा शक्ती लड्डू ,मिठाई चढाया और देवी देवताओं का आशीर्वाद लिया ।वहीं जीत की खुशी के उपल्क्ष में भाजपा विधायक प्रदीप पटेल जगह जगह अपने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद लिया इसी कार्यक्रम के तहत आज हनुमना में प्रसिद्ध हनुमान मंदिर एवं हाटा के हाटेश्वर नाथ के दर्शन कर लिया आशीर्वाद और अपने सभी कार्यकताओं के साथ मिल कर रैली निकाली और रैली के माध्यम से लोगों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया । 3 दिसंबर को जब से परिणाम भारती जनता पार्टी के पक्ष में आया है तब से कार्यकर्ताओ के चेहरे में दिखी एक अलग मुस्कान जीत के बाद कई जगहों पर आतिश बाजी भी देखने को मिली वहीं इस कार्यक्रम में भारती जनता पार्टी के हनुमना ब्लॉक से मंडल अध्यक्ष सुनील शुक्ला , मिसिरगवां बूथ अध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा , रामलाल मिश्रा , दद्दू सिंह , शिवकुमार सिंह , ज्योति गुप्ता , नीरज पांडे , अंकित मिश्रा एवं हनुमना नगर के कई व्यापारियों के साथ साथ आम जनमानस इस खुशी में हुआ सम्मिलित । भारती जनता पार्टी की जीत की खुशी में जन सैलाव देखने को मिला , भारती जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का मानना है कि इस बार सरकार विधायक प्रदीप पटेल को कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है ।

# संघर्ष सेवा समिति द्वारा हिंदवी स्वराज यात्रा का किया गया भव्य स्वागत

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



झाँसी। दिनांक 28 नवंबर से महाराष्ट्र के रायगढ़ किले से प्रारंभ हुई हिंदवी स्वराज यात्रा झाँसी पहुँची यह यात्रा छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के 350 वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही है। रायगढ़ किले से प्रारंभ हुई यह यात्रा 7 दिसम्बर को दिल्ली में समाप्त होगी। झाँसी आगमन पर संघर्ष महिला संगठन द्वारा इलाइट चौराहे पर ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया जहां संगठन की अध्यक्ष सपना सरावगी एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने शिवाजी महाराज की मूर्ति पर माला पहनाकर यात्रा में सहभागिता की। तत्पश्चात यह यात्रा मुक्ताकाशी मंच पहुँची जहाँ जनपद के समाजसेवी डॉ0 संदीप सरावगी द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित आगंतुकों को संबोधित करते हुए डॉ0 संदीप सरावगी ने कहा 350 वर्ष पूर्व छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक के साथ ही हिंदू स्वराज की नींव रखी गई थी हमारे देश के राजाओं में छत्रपति शिवाजी महाराज का नाम बड़े सम्मान के साथ लिया जाता है एक छोटी सी रियासत से उठकर उन्होंने किस प्रकार भारतवर्ष में हिंदू स्वराज की स्थापना की यह सब हमने इतिहास में पढ़ा है उनकी इस विजय यात्रा का मुख्य श्रेय उनके विश्व स्वास्थ्य सेनापतियों को जाता है जिन्होंने संगठित होकर मातृभूमि के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। शिवाजी महाराष्ट्र ही नहीं पूरे देश के प्रेरणा स्त्रोत हैं। संसार में व्याप्त सभी धर्म में हमारा सनातन धर्म सर्वाधिक सहिष्णु है हम सभी धर्म का सम्मान करते हैं लेकिन जब हमारे धर्म पर आंच आयेगी तो हम पीछे नहीं हटेंगे।

# पीसीएफ केंद्र मऊरानीपुर में कई सैकड़ा किसान डीएपी खाद न मिलने से परेशान

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास



झाँसी जिला के मऊरानीपुर में पीसीएफ केंद्र में लगातार 13 वें दिन भी डीएपी खाद के लिए किसान दूर दराज गांवों से आए और जब उन्हें डीएपी खाद नही मिली तो वह अपने-अपने घरों को वापिस लौट गए। हर वर्ष की तरह इस बार भी जनपद में डीएपी और यूरिया खाद की किल्लत कई दिनों से जारी है रबी फसल की बुवाई का समय चल रहा है और किसानों को समय पर खाद की आपूर्ति नहीं हो पा रही है रात दिन किसान एक एक बोरी खाद के लिए पीसीयफ केंद्रों और सोसाइटियों में लाइन लगाए हुए हैं बुवाई का समय निकलता जा रहा है। खाद न मिलने से किसान परेशान दिखाई दे रहा है कब खाद मिलेगी कब बुवाई करेंगे बुवाई के लिए अब किसानों के पास समय काम बचा है पीसीएफ केंद मऊरानीपुर में आज लगातार 13 वें दिन यूपी किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवनारायण सिंह परिहार पहुंचे किसानों से बात की किसानों की पीड़ा सुनी जहां पर सैकड़ो किसान डीएपी खाद लेने के लिए आए थे जब पीसीएफ केंद्र खुला वहां पता चला कि आज भी डीएपी खाद नहीं आया तो सैकड़ो की संख्या में किसान हताश निराश होकर अपने घरों को लौट गए कई किसान काफी परेशान दिखाई दिए उनका कहना था कि साहब समय काम बचा है खेती समय की होती है समय पर अगर खाद नहीं मिलेगी तो बुवाई नहीं कर पाएंगे जब खेतों में बुवाई नहीं कर पाएंगे तो फसल नहीं होगी और जब फसल नहीं होगी तो घर का खर्चा कैसे चलेगा किसानो की समस्याओं को सुनते हुए फोन के माध्यम से उप जिलाधिकारी महोदय जी से खाद आपूर्ति कराने की बात कही। कांग्रेस नेता शिव नारायण सिंह परिहार ने किसानो की पीड़ा सुनते हुए कहा जनपद झांसी का किसान प्रकृतिक आपदाओं के साथ-साथ सरकार की गलत नीतियों का शिकार हो रहा है जब जब किसानों को खाद बीज पानी बिजली की आवश्यकता होती है

तब तक शासन प्रशासन जिम्मेदार अधिकारी किसानो की जरूरत को पूरा करने में नाकाम हो जाते हैं जिसका खामिया जा जनपद का किसान भुगत रहा है परिहार ने कहा खाद आपूर्ति न होने पर आंदोलन किया जाएगा।

# हनुमना चरैया हाई स्कूल में मध्यान भोजन में अनियमितता , जूठी थाली धोने को मजबूर छात्र

क्यूँ न लिखूँ सच
विरेन्द्र तिवारी



मऊगंज-जनता त्रस्त प्रशासन मस्त हनुमना विकासखंड अंतर्गत आने वाले सभी शासकीय विद्यालय में हो रहे भ्रष्टाचार का जिम्मेदार कौन क्या क्रष्ट के मिली भगत से हो रहा है भ्रष्टाचार बच्चों की जिंदगी बर्बाद हो रही है और शासकीय हाई स्कूल चरैया बना भ्रष्टाचार का अड्डा नहीं मिल रहा है बच्चों को सुद्ध भोजन शिक्षक के नहीं भर रहे हैं पेट स्कूल के बच्चों के खाने से भरते हैं अपने परिवार का पेट नौकरी के पेमेंट से नहीं भर रहा है शिक्षक के परिवार का नहीं भर रहा है पेट हनुमना विकास खण्ड अंतर्गत आने वाली शासकीय हाई स्कूल चरैया में अनियमितता देखने को मिली है । दरअसल समूह संचालक की मनमानी के चलते स्कूल के बच्चे झूठी थाली धोने को मजबूर हैं। जिसका एक वीडियो भी सामने आया है । वहीं विद्यालय में मौजूद शिकक्षों से जब इस संबंध में जानकारी लिगई तो उन्होंने कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया । स्कूल के शिकक्षो ने इस मामले में समूह संचालक को जिम्मेदार बताया है । अब बच्चों की थाली धोने का वीडियो शोसल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है ।